# लोकसभा चुनाव : गुजरात में 26 लोकसभा सीटों पर 658 नामांकन पत्र भरे गए

**गांधीनगर।**

लोकसभा चुनाव में गुजरात की 26 सीटों के लिए 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन तक कुल 658 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इसके साथ ही पांच विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए 58 फार्म जमा हुए।




12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य में फार्म जमा होने शुरू हुए थे। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जाएंगे। गुजरात में तीसरे चरण में 7 मई को राज्य में लोकसभा की सभी सीटों पर एक साथ मतदान किया जाएगा। इसी दिन 5 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव के लिए मतदान होगा।

गुजरात में सबसे अधिक नामांकन पत्र गांधीनगर लोकसभा सीट के लिए कुल 53 फार्म भरे गए। हालांकि नामांकन पत्रों की जांच और बाद में नाम वापसी होने पर सही तस्वीर सामने आएगी। राजकोट लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने फार्म भरे हैं। इस सीट पर क्षत्रिय समाज ने भाजपा से रूपाला की उम्मीदवार वापस लेने की मांग की थी। इसके विरोध में क्षत्रिय समाज ने बड़ी संख्या में क्षत्रिय उम्मीदवार लड़ाने की बात कही थी, हालांकि इसका असर नहीं रहा और राजकोट से 28 लोगों ने नामांकन पत्र भरे। इसके अलावा आणंद में 18 लोगों ने नामांकन पत्र भरे हैं। वहीं, बनासकांठा में 24, बारडोली में 9, भरूच में 26, भावनगर में 30, छोटा उदेपुर में 18, दाहोद में 23, जामनगर में 32, जूनागढ़ में 26, कच्छ में 16, खेडा में 25, मेहसाणा में 17, नवसारी में 35, पंचमहाल में 19, पोरबंदर में 24, साबरकांठा में 29, सूरत में 24, वडोदरा में 34 और वलसाड में 16 लोगों ने नामांकन पत्र भरे हैं।

विधानसभा के उपचुनाव में विजापुर से 15 नामांकन

राज्य में लोकसभा की 26 सीटों के साथ राज्य की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया भी लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हो रही है। इसके तहत खंभात से 10, माणावदर से 9, पोरबंदर से 11, वाघोडिया से 13 और विजापुर से 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा देने से खंभात, पोरबंदर, माणावदर, विजापुर सीट खाली हुई, जबकि वाघोडिया के निर्दलीय विधायक ने इस्तीफा दिया था। यह सभी भाजपा में शामिल होकर इस बार भाजपा के टिकट पर उम्मीदवार बने हैं।

# सूरत से मिली भाजपा को पहली सीट, मुकेश दलाल निर्विरोध विजयी

**सूरत।** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे।



देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे।

नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। सोमवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के अब्दुल हमीद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के जेयेश मेवाडा, लोग पार्टी के सोहेल शेख, निर्दलीय अजीत उमट, निर्दलीय किशोर डायाणी, निर्दलीय रमेश भाई बारैया और निर्दलीय भरतभाई प्रजापति ने अपने नाम वापस ले लिए। हालांकि बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती ने सबसे अंत में अपना नाम वापस लिया। इससे पूर्व उनकी पार्टी की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर सुरक्षा की मांग की गई थी। उनका आरोप था कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार को अनजान नंबरों से फोन कर धमकी दी जा रही है। हालांकि बाद में उन्होंने भी अपना नाम वापस ले लिया।

# निराली अस्पताल में गुजरात के पहले रोबोटिक हिप और नी रिप्लेसमेंट सेंटर की शुरुआत

नवसारी, स्थित निराली मेमोरियल मेडिकल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष, दानवीर और पद्म विभूषण से सम्मानित श्री एएम नाइक ने ऑर्थोपेडिक देखभाल में एक मील का पत्थर साबित करते हुए गुजरात में पहले रोबोटिक एंड नी रिप्लेसमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक सेकंड जनरेशन की ष्ठह्रञ्ज सिस्टम सहित अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित, निराली अस्पताल का लक्ष्य संयुक्त प्रति-स्थापन प्रक्रियाओं में क्रांति लाना और रोगी के परिणामों में सुधार करना है।

निराली अस्पताल की 500 बिस्तरों वाली विशाल सुविधा के भीतर स्थित यह रोबोटिक जॉइंट हिप और नी (घुटना) रिप्लेसमेंट सेंटर ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। यह ष्ठह्रञ्ज सिस्टम पर केंद्रित,ढ्ढ का चमत्कार है जो इसे पारंपरिक रोबोटिक प्लेटफार्मों से अलग करता है। पिछले मॉडलों के विपरीत, ष्ठह्रञ्ज सिटी स्कैन या एमआरआई की आवश्यकता को समाप्त कर देता है, सर्जरी को सुव्यवस्थित करने के लिए इमेजलेस तकनीक लागू करता है, और सटीकता को एक अभूतपूर्व स्तर पर ले जाता है।

इस अवसर पर श्री एएम नाइक ने कहा कि, "हम अपने विश्वास के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। इस मिशन के प्रति प्रतिबद्ध होकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं कि हमारे ट्रस्ट समाज की सर्वोत्तम सेवा करें।"

"हमारे ट्रस्टों निराली मेमोरियल मेडिकल ट्रस्ट और नाइक चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत अस्पतालों, स्कूलों और कौशल केंद्रों ने 2009 से आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के प्रति हमारी अद्वितीय प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। निराली अस्पताल आज स्वास्थ्य सेवा नवाचार (इनोवेशन) के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है जो आर्थोपेडिक में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।श्री नाइक ने कहा कि, "रोबोटिक जॉइंट हिप और नी रिप्लेसमेंट सेंटर के लॉन्च के साथ, हम अपने समुदाय को असाधारण देखभाल और अपेक्षाओं से अधिक परिणाम प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।"

# प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्ण विकसित भारत की कल्पना को 130 करोड़ जनता का संकल्प बनाया: शाह

**गांधीनगर।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यसभा सांसद मयंक नायक और गांधीनगर लोकसभा इंचार्ज केसी पटेल उपस्थित रहे। गांधीनगर में 7 मई को मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह गांधीनगर से ही वर्तमान सांसद हैं जिन्हें पिछले लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 8 लाख 90 हजार से अधिक वोट मिले थे।

शाह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है कि जिस सीट का प्रतिनिधित्व अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी ने किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस सीट से स्वयं मतदाता हैं, उस सीट का प्रतिनिधित्व करने का अवसर उन्हें पार्टी ने दिया। उन्होंने कहा कि ब्मैं इसी सीट से 30 साल से विधायक और सांसद रहा हूं। यहीं से मैंने छोटे से बूथ कार्यकर्ता से संसद तक की यात्रा तय की है। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे अपार प्रेम दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले मुख्यमंत्री के नाते और बाद में प्रधानमंत्री के नाते इस क्षेत्र में भाजपा की सरकारों ने जनकल्याण एवं विकास के ढेर सारे कार्य किए। सिर्फ इन 5 वर्षों के भीतर ही 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हुए हैं। मुझे यह संतोष है कि मैं जब भी इस क्षेत्र की जनता से पार्टी व मेरे स्वयं के लिए वोट मांगने आया हूं, तो मुझे बहुत मन से आशीर्वाद दिया है और मजबूत बहुमत के साथ चुनाव जिताया है।ज्

शाह ने कहा कि इस बार का चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित, समृद्ध किया है और देश के 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जीवन में नई आशा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। इस चुनाव में पूरा देश 400 पार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है। चुनाव की घोषणा के पहले और बाद में लद्दाख छोड़ कर देश के हर कोने में गया हूं, हर जगह मोदी-मोदी के नारों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत होता है। जनसैलाब का जो अभूतपूर्व आशीर्वाद और प्रेम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुआ है, हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने समग्र विश्व में न केवल गौरव प्राप्त किया है, बल्कि अपना मजबूत स्थान भी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 में पूर्ण विकसित और दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम भारत की कल्पना को 130 करोड़ जनता का संकल्प बनाने में सफलता प्राप्त की है और यदि इस मुकाम पर देश को पहुंचाना है, तो ये 5 वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जो बीते 10 वर्ष देश की जनता ने भाजपा सरकार को दिए हैं वो पूर्व की यूपीए सरकार के गड्ढे भरने में गए हैं। आने वाले 5 वर्ष विकसित भारत बनाने की नींव तैयार करने वाले वर्ष होने वाले हैं।

# ऐतिहासिक जैन दीक्षा का महामहोत्सव 35 मुमुक्षुओं ने सांसारिक भेष त्याग भगवान श्री महावीर का वेश धारण किया



अहमदाबाद शहर के पांच सौ साल के इतिहास में पहली बारएक ही मंडप के नीचे, 35 जैन दीक्षाओं का उत्सव महानायक परम पूज्य आचार्यश्री विजय योगतिलकसूरीश्वरजी महाराज के पवित्र हाथों से आयोजित किया गया था। साबरमती नदी के तट पर लगभग तीन लाख वर्ग फीट क्षेत्र में बनी भव्य अध्यात्म नगरी में सुबह साढ़े पांच बजे जब दीक्षा समारोह शुरू हुआ तो 30,000 की क्षमता वाला मुख्य मंडप खचाखच भर गया था। 15 आचार्य भगवंतों के साथ ही करीब 400 जैन साधु-साध्वीजीयों की छत्रछाया में 35 मुमुक्षुओं को साधुजीवन के प्रतीक स्वरूप ओघो अर्पण करने की विधि सुबह 7.35 बजे शुरू हुई। 25 मिनट में पूज्य आचार्य भगवंत ने 35 मुमुक्षुओं को ओघो अर्पित किया, जिनमें 15 भाई और 20 बहनें थीं। दीक्षार्थीयों के हाथों में ओघो प्राप्त करने के बाद, उन्होंने परमात्मा को नमस्कार किया और तीन प्रदक्षिणा देते समय अपनी खुशी व्यक्त की।

ओघो अर्पित करने के बाद, मुमुक्षु अपने जीवन के अंतिम स्नान के लिए गए और साधु और साध्वीजीओ की वेशभूषा धारण की। जैसे ही वह संसारी भेष उतारकर और साधुजीवन के सफेद वस्त्र पहनकर मंच पर आए, शुभ मुहूर्त में लोच की विधि की गयी।35 मुमुक्षुओं के सांसारिक नाम रद्द कर दिए गए और साधुजीवन के नए नाम दिए गए।

जैनियों की राजधानी अहमदाबाद में 35वां दीक्षा मोहोत्सवकी शुरुआत18 अप्रैल को गुरु भगवंत के भव्य सामैया से शुरू हुई। रविवार, 21 अप्रैल को मुमुक्षु की वर्षीदान यात्रा निकाली गई। वर्षीदान यात्रा के बाद मुमुक्षुओं को साधु जीवन के लिए उपयोगी विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए करोड़ों रुपये की बोली लगायी गयी।

ता.22 अप्रैल को सुबह 4.32 बजे, 35 मुमुक्षुओं को अपने माथे पर विदाई तिलक के साथ अपने निवास से प्रस्थान करते समयइस भावना से सब भावित हुए थे कि मोहराजा के खिलाफ लड़ाई जीतने के बाद वे मोक्षगामी बनेंगे।

दीक्षा मंडप में 35 मुमुक्षुओं के हाथ में श्रीफल लेकर आने के बाद उन्होंने मंच पर बने समोवसरण में भगवान को तीन प्रदक्षिणा देकर प्रणाम किया और गुरु भगवंत को विधिवत प्रणाम किया।

फिर उन्होंने हाथ जोड़कर गुरु भगवंत से निम्नलिखित तीन अनुरोध किए-

(1) मम मुंडावेह = मेरे दोषों को दूर करने के लिए प्रतीकात्मक रूप से मेरा मुंडन करें।

(2) मम पव्वावेह = प्रव्रज्या प्रदान करके मुझे संसार से दूर ले जाओ।

(3) मम वेषं सम्मपेह = मोह से लड़ने के लिए आभूषण के रूप में मुझे साधुवेश प्रदान करें।

मुमुक्षुओं के इस प्रकार अनुरोध करने पर गुरु भगवंत ने उन्हें ओघो की पेशकश की।

ओघो मिलने के बाद मुमुक्षु स्नान कर साधु वेश धारण कर लौटे। इसके बाद गुरु भगवंत द्वारा मुमुक्षुओं को प्रतीकात्मक रूप से लोच प्रदान किया गया। फिर उन्हें सर्वविरति धर्म का निम्नलिखित व्रत लेने के लिए कहा गया, जो एक साधु के जीवन का पहला कदम है और सभी पापों से जीवन भर का त्याग है:

"करेमि भंते सामाईयं, सव्वं सवज्जं जोगं पच्चक्खामि, जाव जीवाए पज्जुवासामि, तिविहं, तिविहेणं, मणेणं, वायाए, कायेणं, न करेमि, न कारवेमि, करंतं अपि अन्नं न समुज्जाणामि, तस्स भंते, पडिक्कमामि, निन्दामि, गरिहामि, अप्पाणं वोसिरामि।'

दीक्षा समारोह के अंतिम चरण में, 35 मुमुक्षुओं के सांसारिक नाम स्थायी रूप से रद्द कर दिए गए और उनके लिए नए साधुजीवन के नामों की घोषणा की गई। पाँच दिवसीय दीक्षा मोहोत्सव से अहमदाबाद के पाँच लाख से अधिक जैन लाभान्वित हुए।

# सूरत टेक्सटाइल मार्केट में 11 लाख की चोरी, फायर पाइप से भाग निकले चोर

**सूरत।** रिंग रोड पर स्थित सूरत टेक्सटाइल मार्केट (एसटीएम) के ऑडिटोरियम हॉल की पांचवीं मंजिल पर शुक्रवार देर रात चोरों ने एक साहसिक चोरी की घटना को अंजाम दिया। 3 घंटे 33 मिनट में दो चोरों ने 11 लाख रुपये कैश और मोबाइल फोन चुरा लिए और फायर पाइप के रास्ते भाग निकले।

यह घटना सबसे अधिक आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि यह चोरी सुरक्षा गार्डों की मौजूदगी में हुई थी। रात 10 बजे मार्केट बंद होने से आधा घंटा पहले 9:30 बजे दोनों चोर बाजार की छत पर जाकर छिप गए। 19 तारीख को मार्केट बंद होने के बाद दोनों चोरों ने छत पर स्थित ड्रेस की दुकान के मुख्य दरवाजे का लोहे का ग्रिल तोड़ दिया। दुकान में एक और लोहे का शटर था जिसमें दो ताले थे, जो दोनों टूट गए।




चोरों ने टेबल की दराज से एक मोबाइल फोन चुरा लिया और सामान बिखेर दिया। इसके बाद वे दुकान में बने ऑफिस में घुसे और टेबल की दराज तोड़कर 11 लाख रुपये कैश चुरा लिया। दुकान में प्रतिदिन होने वाले कारोबार की गणना करके उसे कार्यालय में मेज की दराज में रखा जाता है। दराज की एक चाबी व्यापारी के पास और एक चाबी कर्मचारी के पास रहती है।

फिलहाल, व्यापारी संदीप गिरासे ने सलाबतपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि चोरों ने छत पर बनी दुकान में चोरी की थी और बाहर निकलने के लिए फायर पाइप के अलावा कोई रास्ता नहीं था। इसलिए चोर फायर पाइप से उतरकर चौथी मंजिल, फिर तीसरी, दूसरी, पहली और निचली मंजिल पर आए। बाजार में सुरक्षा गार्ड तैनात होने के बावजूद दोनों चोर 11 लाख रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गए।

# एयरटेल ने दुनिया भर में यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक का अनावरण किया। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और टैरिफ रुपये से शुरू होते हैं। 133/दिन, जो उन्हें स्थानीय सिम की तुलना में भी एक किफायती विकल्प बनाता है। इसके अतिरिक्त, वे उन्नत डेटा लाभ, इन-फ़्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 संपर्क केंद्र समर्थन प्रदान करते हैं।

चीजों को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न यात्रा स्थलों के लिए कई पैक की सदस्यता लेने की आवश्यकता नहीं है और उन्हें यात्रा अवधि चुनने और दुनिया में कहीं भी निर्बाध कनेक्टिविटी का आनंद लेने की सुविधा है। एक एकल पैक; और इसे सबसे सस्ते तरीके से करें.

भारती एयरटेल के निदेशक - ग्राहक अनुभव और विपणन, अमित त्रिपाठी ने कहा, "एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें एक किफायती और आसान अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो ग्राहकों को कहीं भी यात्रा करने की अनुमति देता है।ज्ज दुनिया। यह पैक बेहतर लाभों के साथ निर्बाध रोमिंग एक्सेस सक्षम करेगा जो स्थानीय इन-कंट्री सिम की तुलना में किफायती है। नया पैक वास्तव में ग्राहकों के लिए हमारे मूल्य प्रस्ताव को फिर से परिभाषित करता है और उन्हें किफायती टैरिफ पर डेटा और वॉयस उपयोग करने की स्वतंत्रता देता है ।"


नए अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं:

•सस्ता पैक रु। 133/दिन, जो उन्हें अधिकांश देश/स्थानीय सिमों की तुलना में अधिक किफायती बनाता है।

•एक ही पैक के साथ दुनिया भर में पहुंच को सक्षम करने वाली दुनिया में कहीं भी यात्रा करने की योजना

•नई सुविधाएँ: बार-बार पैक खरीदने वाले यात्रियों के लिए एक ऑटो नवीनीकरण सुविधा आवश्यकता को समाप्त करती है और सक्षम बनाती है। धन्यवाद ऐप के माध्यम से परेशानी मुक्त यात्रा।

# मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने 'सभी के लिए सुलभ उपचार' की थीम के साथ विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया



**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने 17 अप्रैल, 2024 को लोगों के बीच हीमोफिलिया के लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाकर विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया। च्सभी के लिए सुलभ उपचारज्ज ही इस साल की थीम है। डॉ. अंकित जीतानी, सीनियर कन्सलटेंट, हेमेटोलॉजी एवं बीएमटी, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने इस पहल की अगुवाई की।

हीमोफीलिया खून से संबंधित एक आनुवंशिक बीमारी है, जो सामान्य तरीके से खून को जमने से रोकती है। खून में ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार फैक्टर्स में से एक की कमी के कारण ऐसा होता है। फैक्टर VIII की कमी के कारण हीमोफीलिया-ए होता है, जबकि फैक्टर ढ्ढङ्ग की कमी के कारण हीमोफीलिया-बी होता है। हीमोफीलिया तुलनात्मक रूप से सामान्य बीमारी है, जिसमें बालकों में हीमोफीलिया-ए के मामले का अनुपात 1:5000 है, जबकि हीमोफीलिया-बी के मामले का बालकों में अनुपात लगभग 1:20000 है। बीमारी की गंभीरता शरीर में इसके फैक्टर की कमी की मात्रा पर निर्भर है। सही मायने में देखा जाए तो हीमोफीलिया कोई रोग नहीं है, और ना हीमोफीलिया से पीड़ति लोग मरीज हैं। हालाँकि, हीमोफीलिया की वजह से उत्पन्न होने वाली कोई भी जटिलता इंसान को मरीज बना सकती है, जिसे सामान्य तौर पर रोका जा सकता है। विश्व हीमोफीलिया दिवस के मौके पर, हीमोफीलिया की रोकथाम के तरीकों और हीमोफीलिया से पीड़ति लोगों की बेहतर देखभाल के बारे में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने पर ध्यान दिया गया।

हीमोफीलिया एक आनुवांशिक बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों में फैलती है। हीमोफीलिया ङ्ग क्रोमोसोम में आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। चूंकि पुरुषों में एक ङ्ग क्रोमोसोम मौजूद होता है, इसी वजह से वे आमतौर पर ज्यादा प्रभावित होते हैं। महिलाओं में दो X क्रोमोसोम होते हैं। इसलिए, ऐसा शायद ही कभी होता है कि कोई महिला हीमोफीलिया से पीड़ति हो। हालाँकि, महिलाएँ म्यूटेड ङ्ग क्रोमोसोम में से किसी एक की वाहक, यानी कैरियर हो सकती हैं, तथा इसे अपने बच्चों तक भी पहुँचा सकती हैं।

एक महिला कैरियर के लिए, हरेक गर्भावस्था के संभावित तौर पर चार परिणाम होते हैं: एक लड़की जो कैरियर नहीं है; एक लड़की जो कैरियर है; एक लड़का जो हीमोफीलिया से पीड़ति नहीं है; और एक लड़का जो हीमोफीलिया से पीड़ति है। हरेक गर्भावस्था में इन परिणामों की संभावनाएँ एक-समान होती हैं। इसलिए सामान्य शिशु को जन्म देना संभव है। हालाँकि, गर्भावस्था की शुरुआत में यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि, शिशु हीमोफीलिया से पीड़ति तो नहीं है। यह प्रसव से पहले जेनेटिक डायग्नोसिस के जरिये संभव है।

शरीर में फैक्टर की कमी की मात्रा के आधार पर हीमोफीलिया को हल्के, मध्यम और गंभीर की श्रेणी में बाँटा गया है। अपने आप होने वाला रक्तस्राव, ज्यादातर जोड़ों में रक्तस्राव केवल गंभीर हीमोफीलिया में ही होता है, जब फैक्टर का स्तर 1% से कम होता है। मध्यम और हल्के हीमोफीलिया से पीड़ित लोगों को केवल चोट लगने या जखम होने पर ही रक्तस्राव का खतरा होता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत (गुजरात) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ (गुजरात) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत (गुजरात) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, (न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा)